कार्यालय नगर निगम देहरादून
सार्वजनिक निविदा सूचना

पत्रांकः–1101/भूमि अनुभाग/2014 दिनांकः– 18/6/14

नगर निगम पार्किंग स्थल टेजीफोन एक्सचेंज के बाहर रेंजर्स कालेज की दीवार के साथ, पं0 दीन दयाल उपाध्याय पार्क के दोनो और (गांधी रोड एवं कबाडी बाजार रोड) व नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित पार्किंग स्थलो को निविदा स्वीकृत की तिथि से दिनांक 31 मार्च 2016 तक की अवधि हेतु ठेके पर दिये जाने हेतु दिनांक 7/7/2014 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 20/6/14 से दिनांक 6/7/14 तक किसी भी कार्य दिवस मे निविदा प्रपत्र रु0 100/– जमा करा कर भूमि अनुभाग से प्राप्त कर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स मे डाल सकता है। टेलीफोन एक्सचेंज के बाहर रेंजर्स कालेज की दीवार के साथ, पं0 दीन दयाल उपाध्याय पार्क के दोनो और (गांधी रोड एवं कबाडी बाजार रोड) हेतु रु0 1,00,000/– की सी0डी0आर0 व न्यूनतम निविदा राशी क्रमशः रु0 6,00,000/– व रु0 10,00,000/– निर्धारित है। नगर निगम परिसर हेतु रु0 10,000/– की सी0डी0आर0 व न्यूनतम निविदा राशी रु0 1,00,000/– निर्धारित है, एवं निविदा प्रपत्र मे दर्शित सभी प्रमाण पत्र सलग्न किये जाने आवश्यक है। निविदाये दिनांक 7/7/14 को सांय 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य नगर अधिकारी महो0 मे निहित है। निविदा की शर्ते एवं नियम किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती है।

अपर मुख्य नगर अधिकारी
नगर निगम देहरादून

प्रतिलिपिः– 1.सम्पादक– दून दर्पण/दैनिक अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि वह उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी अकं मे कराते हुए समाचार पत्र की दो प्रति निःशुल्क इस कार्यालय को उपलब्ध कराये। एवं बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करे।

2. आई0 टी0 ऑफीसर, पी0आई0यू0 को इस निर्देष के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

3. नोटिस बोर्ड नगर निगम/कलैक्ट्रैट पर चस्पा हेतु।

अपर मुख्य नगर अधिकारी
नगर निगम देहरादून